महत्वपूर्ण एवं खास

जशपुर विधायक भगत ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में 10 लाख रूपए की राशि दी

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। इसी क्रम में जशपुर विधायक विनय कुमार भगत द्वारा अपने एक माह का वेतन एवं विधायक निधि से 10 लाख रूपए की राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा किया गया है। कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम के लिए लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए यह राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा कराई गई है। मुख्यमंत्री बघेल ने इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया है।

खड़ी बाइक पार, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शहर में वाहनों की चोरी आये दिन होते रहती है। इसी कड़ी में धरसींवा थाने से मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्र यादव आयु 45 वर्ष पिता स्व. गोवर्धन यादव की सिलतरा शराब दुकान के पास इस खड़ी बाइक फैशन क्रमांक सीजी 04 केएक्स 8358 कीमत 13 हजार अज्ञात चोर द्वारा पार कर दी गई। उक्त मामले में थाने ने अज्ञात चोर के खिलाफ बाइक चोरी के अपराध में आईपीसी की धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया है।

परोपकार फाउंडेशन की राशन गाड़ी को बृजमोहन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

रायपुर (आरएनएस)। पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने परोपकार फाउंडेशन की राशन गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फाउंडेशन द्वारा कोरोना संकट के चलते हुए लॉक डाउन से प्रभावित गरीब परिवारों को राशन प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि परोपकार फाउंडेशन हमेशा ही समाज की सेवा में तत्पर रहता है ।संकट की घड़ी में जरूरतमंदों को मदद करना प्रेरणादायक है। इस अवसर पर फाउंडेशन के आशीष अग्रवाल, विवेक खेतान,अजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री सहायता कोष में अब ऑनलाइन पोर्टल के जरिए भी जमा करायी जा सकेगी सहयोग राशि

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम और जरूरतमंदों की मदद के लिए कोई भी व्यक्ति और संस्था मुख्यमंत्री सहायता कोष में सहयोग राशि ऑनलाइन भी जमा कर सकते हैं। इसके लिए (सीएमआरएफडाटसीजीडाटजीओवीडाटइन) पोर्टल लॉन्च किया गया है। कोई भी व्यक्ति और संस्था कोरोना संकट पीड़ितों के लिए सहयोग राशि जमा करा सकती है। यह राशि आयकर अधिनियम की धारा 80 जी के तहत आयकर छूट के लिए मान्य होगी। सहायता कोष में राशि जमा करने वाले व्यक्ति इस पोर्टल के जरिए ऑनलाइन पावती भी प्राप्त कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों गरज-चमक के हल्की वर्षा की संभावना

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटे के दौरान एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा की संभावना अभी भी बनी हुई है। स्थानीय मौसम विभाग से आज मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में मौसम आज शुष्क रहा। न्यूनतम तापमानों में प्रदेश के सभी संभागों में वि शेष परिवर्तन नहीं हुए। बिलासपुर संभाग में सिर्फ सामान्य से कम तथा शेष संभागों में सामान्य रहे। इसी प्रकार अधिकतम तापमानों में सभी संभागों में विशेष परिवर्तन नहीं हुए। बिलासपुर व सरगुजा संभाग में उल्लेखनीय गिरावट तथा शेष संभागों में सामान्य रहे। प्रदेश में आज दूसरे दिन भी सर्वाधिक तापमान माना रायपुर में 38 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है, वहीं राजधानी रायपुर में भी गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा की संभावना बनी हुई है।

राज्य के पंजीयन कार्यालय 14 तक रहेंगे बंद

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए राज्य के पंजीयन कार्यालय अब 14 अप्रैल तक बंद रहेंगे। इसके पहले पंजीयन कार्यालय को 7 अप्रैल तक बंद रखने के आदेश वाणिज्यि कर (पंजीयन) विभाग द्वारा जारी किए गए थे।

खाद्य मंत्री अमरजीत पहुंचे उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न वितरण का लिया जायजा

रायपुर। खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत ने आज राजधानी रायपुर और अभनपुर स्थित 5 उचित मूल्य की दुकानों का आकस्मिक निरिक्षण किया। इस दौरान खाद्य विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

श्री भगत ने सभी राशन दुकानों में खाद्यान्न लेने आए हितग्राहियों से बात-चीत की और खाद्यान्न वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने राशन दुकानों में उपलब्ध चावल, नमक और शक्कर की गुणवत्ता का परिक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को खाद्यान्न सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। श्री भगत ने दुकान संचालकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षा के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों को अमल में लाने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए किए गए लॉकडाउन के दौरान राज्य के सभी गरीब परिवारों को दो महिने अप्रैल और मई का चावल, नमक और शक्कर एक मुश्त दिया जा रहा है। प्रदेश के 36 लाख 48 हजार 605 राशनकार्ड परिवारों को खाद्यान्न का वितरण किया गया है। खाद्य मंत्री श्री अमर जीत भगत ने आज रायपुर के राजातालाब स्थित उचित मूल्य के दुकान का निरिक्षण किया। इस दुकान में टोकन सिस्टम से खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा था। सामुदायिक दूरी बनाए रखने के लिए एक-एक मीटर के अंतराल में गोला बनाया गया था। हाथ धोने और सेनेटाइजर की व्यवस्था की गई है। इस दुकान में दो हजार राशनकार्डधारी परिवार पंजीकृत है, इनमें से 750 हितग्राही अपना दो माह का खाद्यान्न उठा चुके हैं।

श्री भगत ने मदरटेरेसा वार्ड क्रमांक 43 में श्याम नगर स्थित उचित मूल्य की दुकान का अवलोकन किया। इस दुकान में मास्क, साबुन और सेनेटाइजर भी उपलब्ध था। सामाजिक दूरी के निर्देशों का पालन किया जा रहा है। ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 के टिकरापारा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम के निरिक्षण के दौरान श्री भगत ने दुकान में उपस्थित हितग्राहियों से बात-चीत की। वितरण व्यवस्था के बारे में पूछा। हितग्राहियों ने खाद्यान्न लेने में कोई दिक्कत नहीं होने की जानकारी दी। श्री भगत ने खाद्यान्न गोदाम का भी अवलोकन किया।

देशी-विदेशी मदिरा दुकानें 14 तक रहेंगी बंद

» राज्य सरकार के वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग ने जारी किया आदेश

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राज्य के सभी देशी-विदेशी मदिरा दुकानें, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन के रायपुर, बिलासपुर स्थित गोदामों सहित सभी जिलों में स्थित देशी मदिरा के मद्य भण्डागारों को आगामी 14 अप्रैल तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है।

पूर्व में 7 अप्रैल तक बंद रखने के आदेश जारी किए गए थे। जिसे बढ़ाकर अब 14 अप्रैल कर दिया गया है। गौरतलब है कि प्रदेश में नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से आमजनों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 14 अप्रैल तक लॉकडाउन किया गया है। वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। राज्य शासन द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कोरोना मुक्त भारत का संकल्प लेने किया आह्वान

» सफाई कर्मी व अन्य साथियों की सेवा भावना को किया नमन

रायपुर (आरएनएस)। विश्व स्वास्थ्य दिवस (वर्ल्ड हेल्थ डे) के अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने प्रदेश वासियों से कोरोना मुक्त भारत का संकल्प लेने की अपील की और इस जंग में कोरोना महामारी के नियंत्रण और रोकथाम के लिए सभी को एकजुट होकर सहयोग करने को कहा है।

इसके साथ ही उन्होंने कोरोना के विरुद्ध जंग में हम सब की ढाल बनकर खड़े हुए डॉक्टर-नर्स, सफाईकर्मी और पुलिस सहित अन्य साथियों की सेवा भावना को नमन किया।

मंत्री पटेल ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश और विश्व परिवार के लिए यह जरूरी है कि कोरोना संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम व जरूरतमंदों की मदद के लिए समाज और इसके हर व्यक्ति को जागरूक होने और आगे आने की जरूरत है। इसके लिए सभी को संयम के साथ लॉकडाउन सहित आवश्यक सावधानियों का पालन करना जरूरी है। मंत्री पटेल ने विश्व स्वस्थ्य दिवस के अवसर पर सभी प्रदेश वासियों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है।

1 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त

रायपुर (आरएनएस)। लाक डाउन के दौर में भी नशीले पदार्थ की तस्करी ने कमी आने के बजाय तस्करी में रोज वृद्धि देखी जा रही है। उरला थाने से मिली जानकारी के अनुसार राजेश सिन्हा आयु 43 वर्ष पिता स्व. महेतरू सिन्हा निवासी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने से झिल्ली में रखा हुआ एक किलो 500 ग्राम गांजा घर से ही बरामद कर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उक्त मामले नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 ख के तहत उरला थाने ने मामला दर्ज किया है।

तब्लीगी जमात में शामिल होने गई छत्तीसगढ़ की दो महिला कोरोना पॉजीटिव, पंजाब के मनसा में चल रहा इलाज

रायपुर (आरएनएस)। पंजाब के मनसा में तब्लीगी जमात कार्यक्रम में शामिल गई छत्तीसगढ़ की दो महिला भी रिपोर्ट कोरोना पॉजीटिव आई है। जिसके बाद दोनों का इलाज मनसा के अस्पताल में ही चल रहा है। हालांकि इस खबर की अधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पायी है। खबर के अनुसार छत्तीसगढ़ की 2 महिलाएं जो तब्लीगी जमात के कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। दोनों महिलाओं की जांच के बाद उनकी कोरोना पॉजीटिव आई है। इसके बाद वहां हड़कंप मचा हुआ है। ऐसा बताया जा रहा है कि दोनों कोरोना पॉजीटिव महिला के संपर्क में करीब 20 अन्य लोग भी आये थे, जिनका भी सैंपल लिया गया है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि प्रदेश की दोनों कोरोना पॉजीटिव महिला किस जिले की रहने वाली है।

14 अप्रैल के बाद लॉकडाउन समाप्त होगा या नहीं : जनता के बीच तरह-तरह की अटकलें शुरू

रायपुर (आरएनएस)। देश में छाए कोरोना संकट से निपटने केन्द्र सरकार द्वारा देश भर में 21 दिनों के लिए जारी लॉक डाउन के आज दो सप्ताह पूरा हो रहा है। प्रधानमंत्री के आव्हान पर देश में लागू लॉकडाउन को लेकर अब आमजनमानस के मन में उकताहट भी देखने को मिल रही है। आमजनता के मन में भी यही है कि क्या 14 अप्रैल से लॉकडाउन समाप्त होगा अथवा नहीं।

लॉकडाउन के 14 अप्रैल को समाप्त होने अथवा नहीं होने को लेकर अब तक कोई स्पष्ट संकेत नहीं है। लॉकडाउन समाप्त होने को लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई। कुछ लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर देशभर की जनता ने जनता कर्फ्यू का पूरे मन से पालन किया था। इसके बाद देशभर में 21 दिनों के लिए जारी लॉक डाउन को लेकर भी जनता अब तक साथ देते आ रही है।

ऐसे में केन्द्र सरकार द्वारा 12 अथवा 13 अप्रैल को ही लॉकडाउन समाप्त होने अथवा नहीं होने की घोषणा की जाएगी। लेकिन वर्तमान में देश के अंदर जिस तेजी से कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है, इसे देखते हुए यह अंदाजा भी लगाया जा रहा है कि केन्द्र सरकार लॉकडाउन की अवधि को और बढ़ा सकती है। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण के सीमित संख्या और पूर्ण नियंत्रण को देखते हुए यह भी अटकलें लगाई जा रही है कि संभवतः यहां लॉकडाउन समाप्त हो सकता है।

वन मंत्री राज्य के चिड़िया घरों वन्य प्राणी केन्द्रों में सुरक्षात्मक उपायों की गहन समीक्षा की

» कोरोना संक्रमण के मद्देनजर जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश

रायपुर। वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर आज यहां राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में कोरोना संक्रमण के मद्देनजर राज्य के समस्त राष्ट्रीय उद्यानों, अभ्यारण्यों, चिड़िया घरों और वन्यप्राणी केन्द्रों में सुरक्षात्मक उपायों तथा वहां मानव प्रवेश पर रोक के संबंध में बैठक लेकर गहन समीक्षा की।

उन्होंने ब्रांक्स जू न्यूयार्क में रखे गए टायगर को कोरोना संक्रमण के कारण केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, केन्द्रीय चिड़िया घर प्राधिकरण तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा 6 अप्रैल को जारी दिशा-निर्देशों का राज्य में संबंधित विभागीय अधिकारियों को पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वन मंत्री श्री अकबर ने इसके तहत राज्य के समस्त चिड़िया घरों तथा वन्य प्राणी केन्द्रों में मानव प्रवेश तथा इनके आवा-जाही पर रोक और इनमें कोरोना संक्रमण की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त सुरक्षात्मक उपाय भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

वन मंत्री श्री अकबर ने बताया कि राज्य के समस्त चिड़िया घरों तथा वन्य प्राणी केन्द्रों में कोरोना संक्रमण के मद्देनजर विगत 15 मार्च से मानव प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। वर्तमान में केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के पालन सुनिश्चित करने के लिए आज संबंधित विभागीय अधिकारियों की यह बैठक ली गई है। इसमें जारी दिशा-निर्देशों के संबंध में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

कोरोना सहित जल जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिए नगर निगम ने किए कई प्रबंध

» पीलिया से नहीं हुई महिला की मृत्यु

रायपुर (आरएनएस)। मौसम में बदलाव के साथ जल जनित बीमारियों को बढ़ने से रोंकने नगर निगम ने अपने सभी जोन में स्वच्छता के व्यापक प्रबंध किए हैं। ऐसे समय में नागरिकों को भी समझाइश दी जा रही है कि पीलिया व अन्य जन जनित बीमारियों से बचाव के लिए पानी उबाल कर पीएं। नगर के कुछ क्षेत्रों में पीलिया की शिकायत मिलते ही नगर निगम के जलापूर्ति व स्वच्छता अमले ने सभी जलागारों की नियमित साफ-सफाई, पानी की गुणवत्ता की जांच के साथ ही नालियों की नियमित सफाई व दवा छिड़काव भी लगातार कर रहा है। कोरोना के संक्रमण को रोकने जहां एल्कोहलिक स्प्रे सभी वार्ड में किया जा रहा है। कमिश्नर सौरभ कुमार ने अपने सभी अधिकारियों को उन क्षेत्रों की खास निगरानी के लिए कहा है, जहां पर पूर्व में जल जनित बीमारियों की शिकायते मिली थी। इन क्षेत्रों के सभी घरों में क्लोरीन टेबलेट दिए जाने के लिए भी स्वच्छता अमले से कहा गया है।

जोन कमिश्नर चंदन कुमार शर्मा ने बताया कि शहर के कुछ क्षेत्रों में जल जनित बीमारियों की शिकायते मिली थी, जहां नगर निगम, शहरी स्वास्थ्य मिशन महामारी नियंत्रण सेल की टीम मिलकर काम कर रही है। 45 वर्षीय महिला की मृत्यु दूषित पानी की वजह से नहीं हुई है, अपितु डॉक्टरी रिपोर्ट के अनुसार उक्त महिला कई माह से अस्वस्थ थीं और एल्कोहलिक लीवर डिसीज पीड़ित थीं,जिसकी वजह से मृत्यु हुई।

परिस्थितियों के आधार पर होगा लॉकडाउन पर निर्णय : भूपेश बघेल

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया की उपस्थिथिति में प्रदेश कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को वीडियो कांफ्रेन्सिंग से हुई।

बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरोना वायरस से बचाव के संदर्भ में राज्य सरकार की ओर से उठए गए कदमों, निर्णयों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कोरोना महामारी से बचाव में छत्तीसगढ़ की बेहतर स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से आज इस महामारी से निपटने में कामयाब हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि खतरा अभी टला नहीं है, सतर्कता और सोशल डिस्टेंसिग बरकरार रखना है। गांव में भी यही संदेश देना है। खेतों में काम जरुरी है, लेकिन सोशल डिस्टेंसिग के साथ। उन्होंने कहा कि आगे लॉक डाउन के संबंध में निर्णय सभी से विचार विमर्श कर परिस्थितयों के आधार पर होगा।उन्होंने विधायकों और जिलाध्यक्षों से उनके क्षेत्रों में आ रही परेशानियों की जानकारी ली और उसके निराकरण के आदेश भी दिए।

बैठक में प्रभारी पीएल पुनिया ने कोरोना महामारी से बचाव के लिए राज्य सरकार और मुख्यमंत्री की ओर से लिए निर्णयों की तारीफकी। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ की तारीफपूरे देश में हो रही है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की भी तारीफ की कि उन्होंने बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए अच्छे इंतजाम किए। उन्होंने एआईसीसी के निर्देश पर गठित व्हाट्सएप ग्रुप का जिक्र किया। मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा, राजेश तिवारी की भी प्रशंसा की। उन्होंने सीजी फाइट अगेन कोरोना ग्रुप के गठन के लिए शैलेश नितिन त्रिवेदी ,जयवर्धन बिस्सा,बेहतर समन्वयव के लिए गिरीश देवांगन, चंद्रशेखर शुक्ला की भी तारीफकी।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनतम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी टाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU